# देवा ओ देवा श्याम प्रभु देवा भजन लिरिक्स

देवा ओ देवा श्याम प्रभु देवा,
तू ही बनाए बिगड़े काम,
जप रहे है सभी तेरा नाम,
जय जय जय श्री श्याम,
देवा ओं देवा श्याम प्रभु देवा।bd।

तर्ज – बाबा ओ बाबा भूलूँ ना द्वारा।

---

हे दु:ख भंजन मोरवी नंदन,
सुन ले विनती आया हूँ द्वार,
तेरी चौखट सच्चा सोना,
बाकी दुनिया सब बेकार,
ध्याऊँ मैं तुझको सुबह और शाम,
जप रहे है सभी तेरा नाम,
जय जय जय श्री श्याम,
देवा ओं देवा श्याम प्रभु देवा।bd।

---

जग से जो हारे प्रभु तू ही तारे,
आये शरण जो देता सहारे,
डूबती नैया बिन माझी के,
नाम तेरा ही पार उतारे,
तेरी ही पूजा पहला काम,
जप रहे है सभी तेरा नाम,
जय जय जय श्री श्याम,
देवा ओं देवा श्याम प्रभु देवा।bd।

---

दु:ख के बादल जब मंडराए,
नीले चढ़कर तू आ जाये,
‘विकास’ के सारे दु:ख मिट जाए,
मोरछड़ी जब तू लहराए,
सच्चा है ये खाटू धाम,
जप रहे है सभी तेरा नाम,
जय जय जय श्री श्याम,
देवा ओं देवा श्याम प्रभु देवा।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

देवा ओ देवा श्याम प्रभु देवा,
तू ही बनाए बिगड़े काम,
जप रहे है सभी तेरा नाम,
जय जय जय श्री श्याम,
देवा ओं देवा श्याम प्रभु देवा।bd।

**Singer & Writer – Vikas Raghuwanshi**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com